तापमान
अधिकतम 34 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

12 संत कबीर कुटीर में सीएम से मिलकर जताया आभार



12 पटेल की जयंती पर 31 को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



## खबर संक्षेप

### पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेला शुरू

**जींद।** पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेले की शुरूआत हुई। फन फेयर मेले में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं।

### सैनी सभा का चुनाव चौदह दिसंबर को

**जींद।** अर्बन एस्टेट स्थित सैनी धर्मशाला मे रविवार को सैनी सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैनी सभा के प्रधान जिले सिह सैनी हैबतपुर ने की। बैठक में 14 दिसंबर को सैनी सभा का चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए संत लाल सैनी को चुनाव अधिकारी तथा रामेश्वरदास को सहायक चुनाव नियुक्ति किया गया। सभा के प्रधान जिले सिंह ने बताया कि कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब 14 दिसंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों को हर माह 2100 रुपये प्रति बच्चा (अधिकतम दो बच्चे) पेंशन प्रदान की जा रही है। इस स्कीम में 0 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चें, जो पिता की मृत्यु होने पर सहायता एवं देखभाल से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने पर, माता-पिता की लंबी सजा होने के कारण या मानसिक व शारीरिक अक्षमता आदि होने पर निराश्रित हो जाते हैं।

### गन्ना बीजाई का कार्य 31 तक पूरा कर लें

**कैथल।** सहकारी चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव दयौरा में आयोजित बैठक में किसानों से आह्वान किया कि क्षेत्र के सभी गन्ना उत्पादक किसान शरद कालीन गन्ना बीजाई का कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा कर लें ताकि वे अधिक उत्पादन प्राप्त करके अधिक मुनाफा कमा सके। सिंगल बड विधि, 4 फीट लाइन से लाइन की दूरी व अंतर्वर्ती फसलें जैसे सरसों तोरिया मेथी, मटर, उगाकर किसान गन्ने की पैदावार बढ़ा सकते हैं।

## चैंपियनशिप का पानीपत के गांव बिहौली में हुआ था आयोजन

# पानीपत बना हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप

*चैंपियनशिप में बाल, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्गों में आर्म्स बॉक्सर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। मोहित व जनत नोएडा में होने जा रही नेशनल आर्म्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव बिहौली के आरएसएम हाई स्कूल में रविवार को द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ।

- हरियाणा में आर्म्स बॉक्सिंग का उज्ज्वल भविष्य : माथुर

इस चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स आर्म्स बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा एवं पानीपत व आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ। चैंपियनशिप में बाल, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्गों में आर्म्स बॉक्सर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, चैंपियनशिप में पानीपत जिला के आर्म्स बॉक्सर प्रथम रहे।

### रेवाड़ी के बॉक्सर द्वितीय

जबकि रेवाड़ी जिला के आर्म्स बॉक्सर द्वितीय रहे। जिला महेंद्रगढ के आर्म्स बॉक्सर तृतीय रहे। वहीं जिला रोहतक के आर्म्स बॉक्सर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान दिया गया। दूसरी ओर, आरएसएम हाई स्कूल आर्म्स बॉक्सर मोहित व जनक ने उनकी कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। वही मोहित व जनत उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित होने जा रही नेशनल आर्म्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इधर, विजेता बॉक्सर्स को हरियाणा सरकार के चीफ स्पोर्ट्स एडवाजर डॉ. सतपाल सिंह माथुर ने पुरस्कृत किया। वहीं, डॉ माथुर ने कहा कि हरियाणा के खिलाडियों ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। आर्म्स बॉक्सिंग में भी हरियाणा के बॉक्सर्स का प्रदर्शन उम्मीद से अधिक बेहतर पाया गया।






**पानीपत।** राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के विजेता बॉक्सर्स अतिथियों के साथ तथा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए आरएसएम स्कूल की छात्राएं।

### कार्यक्रम में इन्होंने दिया सहयोग

पानीपत के गांव बिहौली के आरएसएम हाई स्कूल में द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप को सफल बनने में आमत्यूर आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के डायरेक्टर जनरल सेक्रेटरी नसीमुद्दीन, स्पोर्ट्स आर्म्स बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सागर शर्मा सचिव पानीपत आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, आरएसएम हाई स्कूल के निदेशक श्रीराम निवास, प्रधानाचार्य अंकित वशिष्ठ ने स्मरणीय सहयोग दिया। इधर, स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

# अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार




- 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने अवैध शराबा रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा -2 की टीम ने बिना लाईसैंस शराब रखने के आरोप में संदीप कुमार वासी बन्जारा बस्ती देवीदासपुरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद करने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध शराब का धंधा करने वाले आरोपी संदीप कुमार वासी देवीदासपुरा की कबाड़ी की दुकान में तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके पीएसआई प्रमोद ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 1 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### आरोपी पर पहले भी हैं मामले दर्ज

अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम द्वारा देवीदासपुरा वासी संदीप कुमार की जाँच की गई क्योंकि आरोपी पर पहले आबकारी अधिनियम के तहत पहले मामले दर्ज हैं और जमानत पर है। जाँच के दौरान आरोपी के बन्जारा बस्ती देवीदासपुरा स्थित कबाड़ी की दुकान से 202 अंग्रेजी व 514 देशी शराब व 132 बीयर की बोतल बरामद की।

# घरौंडा में हाईवे पर युवक को चाकुओं से गोदा, मौत

- बीच-बचाव करते समय उसके दो साथियों को भी चोटें लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नेशनल हाइवे पर स्थित रेस्ट हाउस के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों ने एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बीच बचाव करते समय उसके दो साथियों को भी चोटें लगी है। घायल नरेंद्र के दोनों साथी उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया है। मूलरूप से गांव लालूपूरा के रहने वाला नरेंद्र हाल में शहर की भोला कॉलोनी में रह रहा था। शनिवार की रात को अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर हाईवे स्थित राजेंद्र ढाबा पर पहुंचा। जहां पर बाइक पर सवार तीन युवकों से किसी बात को कहासुनी हो गई और हमलावरों ने नरेंद्र पर चाकू से चार वार किए। जिससे नरेंद्र बुरी तरह से घायल हो गया। बीच बचाव करते समय नरेंद्र के दोनों साथी भी घायल हो गए हैं।

### जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है हमलावर नरेंद्र पर चाकुओं में हमला करने के बाद पानीपत की ओर फरार हो गए थे। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। प्राथमिक दृष्टि के पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### नशीले इंजेक्शन रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस व एंटी ड्रग्स विभाग कुरुक्षेत्र की टीम ने बिना अनुमित के नशीले इंजेक्शन रखने के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने नशीले इंजेक्शन रखने के आरोप में गौरव वासी शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सीरिंज बरामद करने में सफलता हासिल की है।

डाक्टर चेतन वर्मा एंटी ड्रग्स विभाग कुरुक्षेत्र निरीक्षक कुरुक्षेत्र व थाना झांसा के सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार, अजय कुमार व महिला सहायक उप निरीक्षक मीना की टीम की शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र स्थित एक घर से गौरव को काबू किया। टीम द्वारा आरोपी के घर की तलाशी लेने पर टीम को उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सीरिंज बरामद हुई।

## अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बाल आश्रमों व संरक्षण गृहों का किया निरीक्षण

- बच्चों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर और श्याम शुक्ला ने जिले के विभिन्न बाल आश्रमों और संरक्षण गृहों का दौरा किया। इस दौरे में उनके साथ सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष रंजीता, सीडब्ल्यूसी सदस्य सोनू शर्मा, डॉ. अंजलि असीजा, डीसीपीओ ममता रानी और डब्ल्यूसीडीपीओ नारायणगढ़ अरविंदर भी शामिल थे।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बाल संरक्षण सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था। आयोग के सदस्यों ने दौरे के दौरान अंबाला राधा कृष्ण बाल आश्रम, नारायणगढ़ बालक गृह, वात्सल्य किशोरी कुंज बालिका गृह, और संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर रहने वाले बच्चों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा की, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, और सामाजिक सुरक्षा शामिल थे। आयोग द्वारा किए गए निरीक्षण में सभी संस्थानों की रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। बता दें कि यह महत्वपूर्ण है कि बाल संरक्षण संस्थानों में बच्चों की भलाई और विकास के लिए आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हों। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। यह दिशा-निर्देश बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए दिए गए।



**अंबाला।** आयोग के सदस्यों का अभिनंदन करते सहयोगी अधिकारी।

आयोग ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी संस्थान बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहें और बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दें।

एचएससीपीसीआर का यह दौरा बाल संरक्षण सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। आयोग द्वारा दी गई सकारात्मक टिप्पणियां, जिले में स्थित बाल संरक्षण में होने वाले कार्यो में और सुधार लाएगी। हालांकि, निरंतर निगरानी और सुधार की आवश्यकता है ताकि बच्चों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। यह निरीक्षण बाल कल्याण और संरक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें बच्चों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी और मूल्यांकन शामिल है।

# सड़कों पर लंबा जाम, गेट पास प्रक्रिया किसानों के लिए बनी परेशानी

- यूपी के व्यापारियों द्वारा धान लाने का सिलसिला जारी

**तरावड़ी (करनाल)।** तरावड़ी अनाज मंडी मे जाने वाली सड़कों रविवार को जाम की स्थिति बनी रही। रविवार को मंडी में धान की खरीद बंद रहने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे, जिससे सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सुबह से ही ट्रकों और ट्रालियों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालात ऐसे बने कि आमजन के वाहन भी जाम में फंसे रहे। मंडी के अंदर प्रवेश को लेकर सबसे बड़ी परेशानी गेट पास प्रक्रिया बनी रही। जानकारी के अनुसार धीमी गति से उठान होने के कारण मंडी धान के बोरो से लबालब थी मंडी मे आने जाने के तमाम रास्ते बंद हो गये थे जिसकी वजह पिछले दो दिन मंडी बंद रखने का ऐलान किया था ताकि दो दिन में उठान होने से मंडी मे रास्ते खुल जायेगें। आज किसान अपनी फसल लेकर आये तो आज गेटपास नहीं कट पाए, जिससे मंडी में वाहनों का प्रवेश बाधित हुआ और ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। पिछले दो दिन खरीद न होने के बावजूद कुछ किसान जल्दबाजी में मंडी पहुंच गए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश से भी कई व्यापारी धान लदे ट्राले लेकर पहुंचे, जिससे भीड़ और बढ़ गई। मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के बावजूद किसानों के मंडी पहुंचने से व्यवस्था प्रभावित हुई। प्रशासनिक प्रयास जारी हैं और शाम तक हालात सामान्य होने की उम्मीद है। वहीं, तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे फसल को मंडी में लाने से पहले गेट पास अवश्य कटवाएं, ताकि अनावश्यक जाम और भीड़भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी व्यवस्था संभालने में जुटे हुए हैं। तरावड़ी मंडी में यूपी के व्यापारियों द्वारा धान के ट्राले भरकर लाने का सिलसिला जारी है। सवाल यह उठता है कि जब पोर्टल पर किसानों के नाम दर्ज हैं, तो व्यापारियों के गेट पास किस प्रक्रिया से कटेंगे यह प्रशासन के लिए सोचने का विषय है।



**तरावड़ी।** मंडी के बाहर सड़क पर ट्रकों व ट्रालियों का लंबा जाम।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 26 लाख ठगे

- चिकित्सक पर केस दर्ज, आरोप नकारे, कहा, मामला लेनदेन का

**अंबाला।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि डॉक्टर ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 26 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपी डॉक्टर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे आपसी लेन-देन का विवाद बताया है। शहजादपुर के राजपुताना मोहल्ला के मोतीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंचकूला में तैनात डॉक्टर नरेंद्र ने उसके पोते को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। अप्रैल 2022 में आरोपी ने मोतीराम और उसके रिश्तेदार जयपाल से मुलाकात कर सरकारी नौकरी पक्की करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने 6 लाख रुपए नकद और पोते के शैक्षणिक दस्तावेज ले लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद अगस्त 2022 और मार्च 2023 में आरोपी ने क्रमशः 10-10 लाख रुपए की दो किश्तें और अन्य राशि प्राप्त की। कुल मिलाकर आरोपी को 26 लाख रुपए दिए गए। कुछ समय बाद आरोपी ने साढ़े तीन लाख रुपए का चेक भी दिया, लेकिन वह बैंक में बाउंस हो गया। मोतीराम का कहना है कि उसने इस संबंध में पहले भी पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजी थी। उस शिकायत में आरोपी डॉक्टर ने किश्तों में पैसे लौटाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन उसने अपने वादों का पालन नहीं किया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने शहजादपुर थाने में धोखाधड़ी, धमकी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज करवाया है। उधर आरोपी डॉ. नरेंद्र ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह मामला आपसी लेन-देन से जुड़ा है। न कि किसी सरकारी नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का।

## ऐतिहासिक श्री कपाल मोचन मेले में प्रशासन तैयारियों में जुटा : गिल

# तीर्थस्थल को चार सेक्टरों में बांटकर बना रहे व्यवस्था

- मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल पर चल रही तैयारियों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत के सिंधु वन में स्थित श्रीकपाल मोचन मेले के शुरू होने में अब मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन रात-दिन तैयारियों में जुटा है। मेले का आयोजन एक नवंबर से पांच नवंबर तक किया जाएगा।

रविवार को मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल पर चल रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटकर प्रबंध किए जा रहे हैं। मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि जिला उपायुक्त एवं श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में मेले के आवश्यक प्रबंधों का कार्य अंतिम चरण में है, जिन्हें समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री कपाल मोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों श्री कपाल मोचन सरोवर, श्री ऋण मोचन सरोवर व श्री सूरजकुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं। कपाल मोचन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास रहेंगे। मेले में सफाई व्यवस्था, दवाइयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सड़कों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बेरिकेडिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य सभी आवश्यक प्रबन्ध समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।



**यमुनानगर।** ऐतिहासिक तीर्थ स्थल कपालमोचन में पवित्र श्रीकपालमोचन सरोवर में पानी में उगी घास आदि की साफ सफाई करते हुए श्रमिक।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता प्रबंध

*मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मेले में यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध पुलिस विभाग द्वारा किए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र को 4 सेक्टरों में बांटा जाएगा। मेले के दौरान नशीली दवाओं व नशीली चीजों की विशेष रूप से चेकिंग की जाएगी। मेला क्षेत्र में सेक्टर वाइज फायर ब्रिगेड के दमकल वाहन तैनात रहेंगे।*

### मेला स्थल पर लगाई जाएगी भव्य प्रदर्शनी

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि ऐतिहासिक श्रीकपाल मोचन मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।

मेले में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार गीतों, भजनों व लोक गीतों के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेला में पधारे लाखों श्रद्धालुओं व यात्रियों का मनोरंजन धार्मिक गीतों व भजनों से करेंगे।

# युवक ने स्टेशन के बाथरूम में फंदा लगाकर दी जान

- युवक का अपनी पत्नी के साथ चल रहा था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में यूपी के रहने वाले युवक ने रेलवे स्टेशन के बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया। जेब से मिले आधार कार्ड और पेन कार्ड से मृतक की पहचान हो गई। युवक का उसकी पत्नी के साथ झगड़ा चल रहा था।

31 साल का रणविजय सोनवर जिला आजमगढ़ यूपी का रहने वाला था। रणविजय हिमाचल प्रदेश के बद्दी में शूज बनाने वाली कंपनी में काम करता था और वहीं रहता था। दीवाली के दिन रणविजय ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करके उसे घर से बाहर निकाल दिया था। कंचन निवासी जोर-ईनामी जिला आजमगढ़ ने बताया कि करीब 4 साल पहले उसकी शादी रणविजय के साथ हुई थी।

22 अक्टूबर को उसके मकान मालिक ने उसे सूचना दी कि उसका पति कमरे में बंद है और दरवाजा नहीं खोल रहा है। वह तुरंत घर आई और दरवाजा खुलवाया। उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करता था। दीवाली के त्योहार पर भी उसके पति ने घर से उसका सामान बाहर फेंक दिया था। इसके बाद से वह अपनी सहेली रोशनी के घर चली गई थी। कंचन ने बयान दिया कि वह शादी के एक साल के बाद ही अपने पति के साथ परिवार से अलग गांव में रहने लगी थी। 25 अक्टूबर को उसे अपने पति की मौत की सूचना मिली थी।

## खबर संक्षेप

### फाइनेंसर के खिलाफ धमकी देने पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** ब्याज पर दिए एक लाख रुपये के बदले फाइनेंसर ने महिला से एक लाख 80 हजार रुपये वसूल लिए। परंतु आरोपी फाइनेंसर ने महिला से गिरवी रखे मकान की रजिस्ट्री व हस्ताक्षर किए कोरे कागज वापस नहीं लौटाए। आरोप है फाइनेंसर और अधिक रुपये मांग रहा है। आरोपी पैसे न देने पर जान से मारने और हस्ताक्षर किए कागजों को दुरुपयोग कर मकान पर कब्जा करने की धमकियां दे रहा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी फाइनेंसर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की मुखर्जी पार्क निवासी अनिता देवी ने बताया कि जुलाई 2023 में उसे एक लाख रुपये की जरूरत थी। उसने छछरौली के गांव चंगनौली निवासी रामकुमार से ब्याज पर पैसे लिए, लेकिन अब पूरा भुगतान करने पर भी वह उनके मकान के कागज नहीं दे रहा।

### हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**यमुनानगर।** गांव दुसानी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए करीब 55 वर्षीय व्यक्ति की चंडीगढ़ पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर सदर यमुनानगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया, पर मृतक की पहचान नहीं हुई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया, वहीं अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर लिया।

### साथी ने की दिव्यांग भिखारी की हत्या

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की सरस्वती कॉलोनी में 21 अक्टूबर की रात को हुई दिव्यांग भिखारी की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के साथी नईम पर हत्या करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला मृतक की मां की शिकायत पर दर्ज किया। जिला अंबाला के कालाअंब डेरा निवासी नाजमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका दिव्यांग बेटा 37 वर्षीय जनाब सलमानी नईम के साथ जगाधरी की सरस्वती कॉलोनी में रहता था। दोनों नशे के लिए भीख मांगते थे। 22 अक्टूबर को बेटे के मकान मालिक ने फोन कर सूचना दी कि जनाब सलमानी मृत अवस्था में पड़ा है। नईम सारे पैसे लेकर फरार था।

## मेला स्थल व घाटों का पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने किया निरीक्षण

# छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं के लिए जिले में 14 घाट बनाए

**घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा में 350 पुलिस जवान रहेंगे तैनात, पुख्ता होगी व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

छठ महापर्व पर यमुना व पश्चिमी यमुना पर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना करने, स्नान करने व सूर्य को अर्घय देने के लिए 14 घाट बनाए गए हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व यातायात को सुचारू रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने 350 पुलिस के जवान तैनात किए हैं।

रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने यमुना के घाटों का निरीक्षण करते हुए उक्त जानकारी दी। उन्होंने घाटों पर तैयारियों का जायजा लिया। रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने यमुना पर बनाए गए घाटों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के अवसर पर दो दिवसीय मेले का जहां आयोजन किया जा रहा है। वहीं, घाटों पर सोमवार शाम को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे और वहां पर बनी वेदियों पर पूजा अर्चना करेंगे। इसके अगले दिन मंगलवार सुबह श्रद्धालु फिर से घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 350 पुलिस के जवान तैनात किए हैं। एसपी कमलदीप गोयल ने बताया कि छठ महापर्व के मेले में करीब सवा लाख लोगों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हमारे जिला औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण इसमें पूर्वांचल के लोग अधिक मात्रा में काफी समय से रहते हैं। इस पर्व के दौरान यमुना में अर्घ्य देते समय कोई दुर्घटना न घट जाए। ट्रैफिक को सामान्य रूप से चलाने के लिए यातायात पुलिस कर्मचारी भी अपनी ड्यूटियों पर 24 घण्टे तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है। जिला के सभी 14 घाटों पर सीसीटीवी कैमरों के भी इंतजाम किए गए हैं। ताकि कोई भी असमाजिक तत्व इस मेले में कोई वारदात को अंजाम ना दे सके।



**यमुनानगर।** यमुना घाटों पर सुरक्षा के इंतजामों व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।



**यमुनानगर।** छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना पर मिट्टी के नए चूल्हे पर विशेष प्रसाद बनाते हुए श्रद्धालु।

### खरना में मिट्टी के चूल्हों पर बना प्रसाद

**यमनानगर।** कार्तिक शुक्ल पंचमी को आस्था के छठ पूजा महापर्व के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने खरना पर मिट्टी के चूल्हों पर अपने घरों में विशेष प्रसाद बनाया। श्रद्धालुओं ने खरना पर सुबह से लेकर शाम तक उपवास रखा और शाम को घरों पर बनाए गए विशेष प्रसाद से उपवास खोला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य की उपासना की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। रविवार को छठ पूजा महापर्व के दूसरे दिन खरना पर सुबह के वक्त श्रद्धालुओं ने स्नान किया और भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दिन भर निर्जल उपवास रखा। शहर के कैंप में रह रहे बिहार निवासी आशीष त्रिपाठी व सुरेश यादव ने बताया कि खरना के दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने निर्जला उपवास के दौरान दिन भर सूर्यास्त से पहले पानी की एक बूंद तक ग्रहण नहीं की। इस दौरान उपवास रख रहे श्रद्धालुओं ने मिट्टी के नए चुल्हों पर विशेष प्रसाद बनाया।



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी सिद्धेश्वरी भारती व श्रवण करते श्रद्धालु।

# मानव जीवन है प्रभु की कृपा का प्रमाण : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने श्रद्धालुओं को मानव जीवन में प्रभु की कृपा का महत्व समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी सिद्धेश्वरी भारती ने फरमाया कि मानव जीवन परमात्मा की कृपा का साक्षात प्रमाण है। क्योंकि प्रत्येक जीवात्मा को मानव तन की प्राप्ति नहीं होती। मानव तन की प्राप्ति होना जीवात्मा के कल्याण का प्रथम चरण है। पूर्ण गुरु की शरण में जाकर उनसे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति कर लेना जीवन के परम उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए दूसरा चरण है। मगर पूर्ण कल्याण हेतु तीसरे चरण के लिए जीवात्मा को स्वयं पर कृपा करनी पड़ती है। जब तक जीव स्वयं पर कृपा न करे तब तक गुरू की कृपा भी जीवन का कल्याण करने में असमर्थ होती है। क्योंकि मानव तन प्राप्त करके भी मनुष्य क्षुद्र वासनाओं , नश्वर संसार की आशक्ति और जीवन में दुखद परिस्थितियों से जूझता रहता है। दुर्गति जीवन की नियति है । लेकिन गुरू अपनी कृपा के द्वारा जीव की सद्गति करने में सामर्थ्यशाली होते हैं। मगर जब शिष्य पुरुषार्थ करता है तभी वह गुरू की कृपा को प्राप्त कर पाता है। गुरू अपनी कृपा के द्वारा जीवात्मा के पुण्य पुंज के फल स्वरूप उसे ब्रह्मज्ञान देकर जीवन के परम लक्ष्य के बारे में बताते हैं। लेकिन जीवात्मा जन्म मरण के चक्रव्यूह से तभी मुक्त हो सकती है जब वह पूर्ण निष्ठा, श्रद्धा और विश्वास से भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपने मन वचन कर्म को गुरू के महान एवं दिव्य आदर्शों में ढालें।


# चेयरमैन विपुल गर्ग ने किया पदभार ग्रहण

**हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने नवनियुक्त चेयरमैन और वाइस चेयरमैन को उनकी कुर्सियों पर बैठाकर करवाया पद ग्रहण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्त किए गए मार्केट कमेटी जगाधरी के नवनियुक्त चेयरमैन विपुल गर्ग व वाइस चेयरमैन ठाठ सिंह ने कमेटी कार्यालय में पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त चेयरमैन विपुल गर्ग व वाइस चेयरमैन ठाठ सिंह को हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने उनकी सीटों पर बिठाकर पदभार ग्रहण करवाया गया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने दोनों चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए बहुत कुछ किया है और आगे भी कर रही है। मार्केट कमेटी के अध्यक्ष इसीलिए बनाए जाते हैं कि आढ़ती तथा किसान के बीच समन्वय बनाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जो 24 फसलें एमएसपी पर खरीद रहा है। जबकि अन्य राज्य तीन या चार फसल एमएसपी पर खरीदते हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने सदा ही किसानों का हित चाहा है और इसी हित को देखते हुए किसान की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज मार्केट कमेटी के चेयरमैन अपना पदभार संभाल रहे हैं। इसके बाद किसानों के समक्ष आ रही कोई भी समस्या होगी तो उसका समाधान करने में वे सक्षम होंगे। उन्होंने नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को फूलमालाएं पहनाकर कर शुभकामनाएं दी। मौके पर मार्केट कमेटी जगाधरी के नवनियुक्त चेयरमैन विपुल गर्ग ने कहा कि वह अपना कार्य ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तथा सरकार की उम्मीद पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने जो उन्हें यह जिम्मेवारी दी है वह इस जिम्मेवारी को ईमानदारी के साथ निभाएंगे और किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना आए इसका लगातार प्रयास करेंगे।



**यमुनानगर।** मार्केट कमेटी जगाधरी के कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के दौरान नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को फूलमालाएं पहनाकर शुभकानाएं देते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा 85 मरीजों का स्वास्थ्य

**विश्व मानव रुहानी केंद्र द्वारा गांव मसाना जट्टान में आयोजित किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

विश्व मानव रूहानी केंद्र के तत्वावधान में रविवार को गांव मसाना जट्टान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र के महाराज बलजीत सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव व मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई।

केंद्र नवानगर सचिव हरजीत कौर ने बताया कि जांच शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 85 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। मौके पर चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए और बदलते मौसम में खानपान में ऐहतियात बरतने की सलाह दी।



**यमुनानगर।** गांव मसाना जट्टान में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य की जांच करवाते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### आज गांव हड़ताल में लगेगा शिविर

केंद्र की सचिव हरजीत कौर ने बताया कि संस्थान द्वारा 27 अक्तूबर को गांव हड़ताल में, 28 अक्तूबर को गांव टोपराकला में, 29 अक्तूबर को गांव दोहली में, 30 अक्तूबर को गांव पोकशा और 31 अक्तूबर को गांव जमालपुर में ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट के कारण बुटीक में लगी आग लाखों रुपये का सामान जलकर राख

**यमुनानगर।** शहर के आईटीआई रोड स्थित अमर मार्केट में देर रात शॉर्ट सर्किट से जसमीत बुटीक में आग लग गई। बुटिक से धुआं उठता देख पास में जिम कर रहे युवक मौके पर पहुंचे और तुरंत डायल 112 पर कॉल की। सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर आई और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आगजनी के कारण दुकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका है। गनीमत रही कि इस आगजनी से कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शी रोहित ने बताया कि मार्केट में ऊपर की तरफ जिम बनी हुई है। रात करीब साढ़े 11 बजे वह जिम में था। तभी उसने देखा कि नीचे दुकानों में से धुआं उठ रहा है। उसके अपने साथियों को बताया और नीचे आकर देखा तो जसमीत नाम के बुटीक में आग लगी हुई है। उसने इस बारे तुरंत डायल 112 पर और आसपास के दुकानदारों को सूचना दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। करीब साढ़े 11 बजे तक फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। दुकान का शटर बंद था। ऐसे में लोहे की रोड से शटर को तोड़ा गया, जिसके बाद कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दुकान में रखा सामान, इन्वर्टर व सभी बिजली के उपकरण जलकर राख हो चुके थे। दमकल कर्मचारी ने बताया कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है। सूचना मिलते ही मौके पर दो गाडियों लेकर पहुंचे थी। आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन काफी सामान जल गया है, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

**जिम कर रहे युवाओं ने धुआं उठता देखकर डायल 112 व दमकल कर्मियों को सूचित किया**

# मन की बात से मिलती है प्रेरणा : कंवरपाल

**हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को 127वें मन की बात कार्यक्रम को जिले भर में सैकड़ो बूथों पर कार्यकर्ताओं समेत लोगों ने सुना। जगाधरी में जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं, रादौर में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुने।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से लोगों को प्रेरणा मिलती है और नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 127वें अंक में त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार बाजारों में पहले से ज्यादा रौनक दिखाई दी। जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी की है। पीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं जहां प्लास्टिक कचरे के बदले आपको भरपेट खाना मिलता है। ये कैफे अंबिकापुर नगर निगम द्वारा चलाए जाते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया मन की बात कार्यक्रम में कहा कि छठ पर्व के मौके पर घाटों पर समाज का हर वर्ग एक साथ खड़ा होता है। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने गांव छछरौली में बूथ नंबर 100 में सुशील गर्ग, पंकज गर्ग, अनिल, श्याम लाल व दसौरा के बूथ नंबर 68 व 69 पर संजय दसौरा आदि कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना।




**यमुनानगर।** जगाधरी स्थित पार्टी कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### राणा रादौर पहुंचे

*श्याम सिंह राणा ने रविवार को अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रादौर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम के मन की बात को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का कार्यकर्ताओं समेत सभी को इंतजार रहता है। क्योंकि पीएम हर बार देश हित के लिए नए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हैं। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है और उनमें नई चेतना जागृत होती है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि पीएम का मन की बात कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम है। इसके अलावा साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत सिंह आदि समेत भाजपा नेताओं ने पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना।*



**यमुनानगर।** रादौर में नाले का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के पास जमा गंदा पानी।

### नाले का अधूरा निर्माण बना परेशानी

**रादौर ।** एसके रोड के किनारे लाखों रुपये खर्च कर गंदे पानी की निकासी ले लिए बनाए जा रहे नाले का निर्माण कार्य ढाई वर्षों के बाद भी अधूरा पड़ा होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है। आधा अधूरा नाला पड़ा होने से गंदा पानी कस्बा के निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के नजदीक इकट्ठा हो रहा है। जिससे कभी भी स्टेडियम की दीवार ढह सकती है। लोगों ने सरकार से इस समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग की। कस्बा निवासी कुलदीप, प्रीतम, सुखदेव सिंह, राजकुमार, तरसेम, कुलवंत सिंह, गौरव व जयसिंह आदि ने बताया कि एसके रोड के निर्माण के समय बरसाती पानी की निकासी के लिए सड़क के दोनों ओर नाले का निर्माण करवाया गया था। लेकिन वर्षों बाद भी एसके रोड के दोनो ओर का नाला पूरा नहीं करवाया गया। नाला निर्माण के समय भी स्थानीय लोगों ने निर्माण सामग्री को लेकर काफी बार अधिकारियों से शिकायत भी की थी। लेकिन अधिकारियों ने लोगों की एक नहीं सुनी। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। यदि स्टेडियम की दीवार गंदे पानी के कारण टूट गई तो प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों की जान पर भी बन सकती है। उन्होंने सरकार से मांग की कि नाले का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए।

## खेल | कुरुक्षेत्र विवि द्वारा आयोजित की गई महिला इंटर कॉलेज क्रिकेट चैंपियनशिप

# गुरुनानक खालसा कॉलेज की महिला क्रिकेट टीम बनी उपविजेता

**कॉलेज के प्राचार्य ने विजेता टीम का संस्थान में पहुंचने पर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की महिला क्रिकेट टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला इंटर कालेज चैंपियनशिप क्रिकेट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। विजेता टीम के रविवार को संस्थान में पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला समेत स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है।



**यमुनानगर।** गुरुनानक खालसा कॉलेज में प्राचार्य व स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए विजेता टीम की महिला खिलाड़ी।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंद्र भल्ला ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा महिला इंटर कॉलेज क्रिकेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज की महिला क्रिकेट टीम ने भाग लिया। उनके कॉलेज की महिला क्रिकेट टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एसडी कॉलेज पानीपत और सीआईएसकेएमवी पुंडरी की टीम को हराकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. अरविंदर भल्ला ने विजेता टीम को बधाई दी। जीएनके ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. पीर जीएन सुहैल व विभागाध्यक्ष डॉ. संजय विज ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे खिलाड़ियों की लगन, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने कहा कि उल्लेखनीय उपलब्धि कॉलेज के लिए गौरव का विषय है।

### यह रहे मौजूद

*इस अवसर पर डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. जोश प्रीत सिंह, कवलप्रीत सिंह, शिव कुमार, धीरज, डॉ. अरुण कुमार, अनुरोध, मंगल सिंह, युवराज राणा व सुश्री स्वाति गर्ग आदि ने भी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।*

# तहसील परिसर में उगीं झाड़ियां

- झाड़ियां में जहरीले जीव जंतु पनपने से आसपास के लोगों व तहसील में आने वाले लोगों को सता रहा है डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान का रादौर तहसील परिसर में कोई असर नहीं पड़ रहा है। आलम यह है कि तहसील परिसर में बड़ी बड़ी झाड़ियां व अन्य घास फूंस के उगने से तहसील में आने वाले लोग जहां परेशान हैं। वहीं, तहसील परिसर के आसपास रहने वाले लोगों को हर समय झाड़ियों में पनप रहे जहरीले जीव जंतूओं से भय सताने लगा है। कस्बावासियों ने तहसील परिसर में उगी झाड़ियों की साफ सफाई करवाए जाने की मांग की। क्षेत्र के रमेश कुमार,संदीप, साहिल, प्रदीप व राजबीर आदि ने बताया कि प्रदेश सरकार व प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का काम कर किया जा रहा है। मगर रादौर तहसील परिसर में खड़ी झाड़ियां इस अभियान से कोसो दूर हैं। तहसील परिसर में हर जगह जंगली घास उगी हुई है। तहसील रादौर में तहसील कार्यालय के साथ साथ पब्लिक हेल्थ का कार्यालय भी है। लेकिन साफ सफाई को लेकर दोनों विभाग गंभीर नहीं हैं। जिससे लोगों को साफ सफाई का संदेश देने वाली सरकार व प्रशासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। तहसील रादौर में हर दिन हजारों लोग अपने काम करवाने के लिए आते रहते हैं। लेकिन तहसील प्रशासन व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के पास इतना भी समय नहीं है कि वे तहसील परिसर को साफ सुथरा रख सकें। अधिकारी सरकार व प्रशासन के सफाई व्यवस्था के आदेशों को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं।



**यमुनानगर।** रादौर में तहसील परिसर में उगी हुई झाड़ियां सफाई व्यवस्था को चिड़ाते हुए।

## खबर संक्षेप

### लंबित समस्याओं को लेकर यूनियन की बैठक

**पिहोवा।** लंबित समस्याओं को लेकर ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक हुई। इसमें प्रदेश कमेटी प्रधान मायाराम उनियाल, प्रदेश महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा और राज्य ऑडिटर रामपाल सिकरवार की मौजूदगी रही। बैठक की अध्यक्षता प्रधान विनोद शर्मा ने की। जबकि संचालन सचिव शेर सिंह द्वारा किया गया। इसमें कर्मचारियों ने कहा कि परिवहन विभाग ने कोरोना काल में किलोमीटर स्कीम के तहत प्राइवेट बस संचालकों को 249 दिन का भुगतान देने का फैसला लिया है।

### इत्र व गुलाब की खुशबू से महक उठे सांवरिया सरकार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति द्वारा विशाल श्री श्याम जागरण 'दीदार सांवरे का' आयोजन के साथ मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव अनुष्ठान संपन्न हो गया। सर्वप्रथम श्री हनुमान मंदिर सब्जी मंडी के मुख्य पुजारी आचार्य नरेश कौशिक व समिति पदाधिकारियों ने श्री श्याम पूजन में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, विशिष्ट अतिथि संजीव सीकरी मित्तल और अंकुश गुप्ता-अभिषेक गुप्ता ने श्याम ज्योति प्रज्वलन किया।

### सड़क में बने गड्ढे हादसों को दे रहे निमंत्रण

**शाहबाद।** नगर के लाडवा रोड लैंड मार्क चौक पर पर सड़क में बने गड्ढे हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। लैंडमार्क चौक पर सड़क के बीचों बीच बने गड्ढे के कारण स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चे किसी भी समय हादसों का शिकार हो सकते हैं। प्रशासन इन हादसों से बिल्कुल बेखबर है क्योंकि स्कूल और कॉलेज की बसें बच्चों को स्कूल और कॉलेज ले जाने के लिए यहां रुकती हैं। कई बार बस से उतरते हुए गिरने का अंदेशा बना रहता है और वहीं महिलाएं और युवतियां दो पहिया वाहन से पलटने का डर बना रहता है।

### अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन की समितियों का गठन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, द्वारा गीता के सार्वभौमिक और शाश्वत संदेश को विश्व पटल पर स्थापित करने के उद्देश्य से गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शांति और सद्भावना की प्रेरणा विषय पर 24 से 26 नवंबर तक विश्वविद्यालय परिसर में किया जाएगा। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के अवसर पर किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के मंत्रीगण, देश-विदेश के उच्च कोटि के विद्वान, प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति एवं विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

### कच्चे कर्मियों को एचकेआरएनएल के अंतर्गत लिया जाए

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों एवं मान्यता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में डी.सी. रेट पर कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को एचकेआरएनएल के अंतर्गत लेने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। दविंदर ने कच्चे कर्मियों की दयनीय स्थिति की ओर से मुख्यमंत्री से कहा की सरकारी और अर्ध-सरकारी विभागों तथा मान्यता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में डी.सी. रेट पर कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को एचकेआरएनएल के अंतर्गत लेने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए।

---

### केयू में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ

# एनीमेशन व डिजिटल मीडिया आज के युग के सबसे सशक्त अभिव्यक्ति माध्यमः डॉ. वीरेन्द्र

*जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह ने कहा कि संस्थान सदैव विद्यार्थियों के विकास को लेकर आयोजन करता है, जिनसे उनमें टीमवर्क, समय प्रबंधन और योजनाबद्ध कार्यशैली की भावना विकसित होती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- एनीमेशन व डिजिटल मीडिया सबसे सशक्त अभिव्यक्ति माध्यम हैं, जिनसे विद्यार्थी अपने दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय एनीमेशन 2025 कार्यक्रम का रविवार को शुभारंभ हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि एनीमेशन और डिजिटल मीडिया आज के युग के सबसे सशक्त अभिव्यक्ति माध्यम हैं, जिनसे विद्यार्थी अपनी सोच और दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर सकते हैं। जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए ऐसे आयोजन करता है, जिनसे उनमें टीमवर्क, समय प्रबंधन और योजनाबद्ध कार्यशैली की भावना विकसित होती है।



उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन 2025 कार्यक्रम में लघु फिल्म, ब्रांड डिजाइन, मीम सृजन, 3डी सीन डिजाइन, हाथ से बने पोस्टर, डिजिटल पोस्टर, बीजीएमआई गेम, फेस पेंटिंग, रंगोली, प्रायोगिक आर्ट और रील निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जिसमें अपने रचनात्मकता को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया।

#### प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और रचनात्मकता का होता है विकासः प्रो. महासिंह पूनिया

प्रो. पूनिया ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और रचनात्मकता का विकास होता है। अंतरराष्ट्रीय एनीमेशन दिवस न केवल सृजनात्मकता का उत्सव है, बल्कि यह विद्यार्थियों को एनीमेशन उद्योग की नवीन तकनीकों, वैश्विक प्रवृत्तियों और पेशेवर संभावनाओं से भी परिचित कराता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल सीखने की प्रक्रिया को सशक्त बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत में प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह आयोजन संस्थान में नवाचार, सृजनात्मकता और मीडिया प्रौद्योगिकी के नए आयामों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, तकनीकी दक्षता और वैश्विक दृष्टिकोण का विकास होगा। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन समारोह 27 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

---



लाडवा। अपने कार्यालय में जानकारी देते मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी।

## मुख्यमंत्री ने लाडो योजना में आवेदन के लिए 27 अक्टूबर तक लगवाए शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सभी पात्र महिलाओं के आवेदन करवाने के लिए जगह जगह शिविर आयोजित करवाए हैं। ये शिविर 27 अक्टूबर तक चलाए जाएंगे। उन्होंने पात्र महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि वो इन शिविरों में पहुंच कर दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लिए आवेदन करें। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 सितंबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की एप का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सामाजिक न्याय अधिकारिता अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए 25 सितंबर को महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की थी।

#### दस्तावेजों की दी जानकारी

अब हरियाणा दिवस पर 1 नवंबर को एक क्लिक से आवेदन करने वाली पात्र महिलाओं के खाते में 2100 रुपए भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिला के पास हरियाणा का स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, मोबाईल नंबर जो कि आधार से लिंक हो, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, अगर महिला विवाहित है तो ससुराल के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बिजली बिल का कनैक्शन नंबर, एचकेआरएन रजिस्ट्रेशन नंबर (यदि बेरोजगार हो), महिला/परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर रजिस्टर वाहनों का विवरण, महिला के नाम पर रजिस्टर बैंक खाता विवरण आदि दस्तावेज जरूरी हैं।

---

## पिहोवा में जनसंपर्क के तहत जय भगवान शर्मा डी.डी ने लोगों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी. ने आज पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनके सुख-दुःख में भागीदारी निभाई। शर्मा ने उन परिवारों से भी मुलाकात की, जिनके प्रियजन हाल ही में अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु के चरणों में विलीन हो गए। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि जीवन और मृत्यु ईश्वर की योजना का हिस्सा हैं, लेकिन समाज के रूप में हमें एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए।



#### सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतरी

दौरे के दौरान पंडित जय भगवान शर्मा डी.डी. ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में देशवासियों को एकजुटता, स्वावलंबन और समाज सेवा की प्रेरणा दी है, जो हर भारतीय के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को साकार कर रही है। जय भगवान शर्मा ने कहा कि वह सदैव जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करने के लिए समर्पित हैं और पिहोवा को विकास के नए पायदान पर ले जाना उनका संकल्प है।

---

### भतीजे-भतीजी की शादी से एक दिन पहले चाचा और चाची की मौत

**पिहोवा।** नेशनल हाईवे 152 पर कुरुक्षेत्र में भतीजे-भतीजी की शादी से एक दिन पहले चाचा और चाची की मौत हो गई। दोनों कपड़े लेकर शादी वाले घर पर जा रहे थे। एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों को तुरंत पिहोवा के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दंपती की भतीजी की 27 अक्तूबर और भतीजे की 28 अक्तूबर को शादी है। इस्माइलाबाद थाना पुलिस ने परिवार की शिकायत के आधार पर पिकअप ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

## भक्ति और सुरों से सजा बाबा रोडे शाह का आंगन, श्रद्धालु हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बाबा प्रीतम सिंह महाराज के पावन सानिध्य में नगर के वार्ड नं. 2, गांधीनगर स्थित बाबा रोड़े शाह की दरगाह पर हर वर्ष की भांति इस बार भी तीसरा विशाल जगराता व कव्वाली कार्यक्रम भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। पूरे क्षेत्र का वातावरण /"जय बाबा रोडे शाह/" के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु बाबा के दरबार में भावविभोर होकर झूमते दिखाई दिए। दरगाह पर चादरपोशी कर श्रद्धालुओं ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी।



पिहोवा। गद्दी नशीन बाबा हरजीत सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते श्रद्धालु।

#### श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया

रात्रि भर चली कव्वाली और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने भक्तों के हृदय को छू लिया। देर रात तक चली इस धार्मिक संध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जगराते के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति और सेवा के इस कार्यक्रम में निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे गद्दी नशीन सेवक बाबा हरजीत सिंह को भक्तों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस सम्मान को प्राप्त कर उन्होंने बाबा रोड़े शाह के चरणों में कृतज्ञता व्यक्त की।

---



### महाराणा प्रताप स्कूल में जोयफुल मैथमेटिक्स पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र ने गणित के प्रति जुनून और उत्साह को बढ़ावा देने के लिए एक अनोखी पहल की है। विद्यालय में जोयफुल मैथमेटिक्स पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से 63 शिक्षकों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन समारोह के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद प्रधानाचार्या श्रीमति प्रतीमा शर्मा ने दोनों वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता श्रीमति गौरी वंदना और श्रीमतिईशु शर्मा ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करते हुए गणित शिक्षण को और भी रोचक और आकर्षक बनाने के तरीकों पर चर्चा की। कार्यशाला में मनोरंजक गणित, भारतीय गणित के इतिहास और गणित में आईसीटी के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने ज्ञान को बढ़ाया। कार्यशाला के अंत में, प्रधानाचार्या ने दोनों वक्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद किया, विद्यालय परिवार ने श्रीमति गौरी वंदना और श्रीमति इशु शर्मा को उनके मूल्यवान योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापन के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट किया।

---

## छठ पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

### पूर्वांचल छठ सेवा समिति ने सरस्वती तीर्थ तट पर सफाई चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पूज्य महंत बंसी पुरी जी एवं स्वामी महेश पुरी जी के सानिध्य में पूर्वांचल छठ सेवा समिति की ओर से 27 और 28 अक्टूबर को मनाए जाने वाले छठ पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरस्वती तीर्थ के तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। समिति के कोषाध्यक्ष विकल चौबे ने बताया कि नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने घाट की सफाई की। प्रधान आशीष चक्रपाणि ने कहा कि छठ पूजा का सनातन संस्कृति में विशेष महत्व है।



पिहोवा। सरस्वती घाटों की सफाई करते नपा कर्मचारी व अन्य उपस्थित लोग।

#### श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई

नगर पालिका का प्रयास रहेगा कि पूर्वांचल छठ सेवा समिति के तत्वाधान में होने वाले कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। उन्होंने बताया कि सफाई के साथ-साथ जल आदि की व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य भी किया जा रहा है। समिति के प्रधान रामपुकार यादव, सचिव राम कल्याण और कोषाध्यक्ष विकल कुमार चौबे ने बताया कि सोमवार 27 अक्टूबर को संध्या अर्ध 4 बजे होगा। मंगलवार 28 को सुबह अर्ध 5 बजे होगा। उत्सव स्थल पर होने वाले कार्यक्रम में भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे।

---

## प्रवीन कश्यप भारतीय भाईचारा महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

- भारतीय भाईचारा महासंघ की नीतियों का प्रदेशभर में प्रचार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



प्रवीन कश्यप दयालपुर को भारतीय भाईचारा महासंघ का हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रवीन कश्यप दयालपुर ने राष्ट्रीय महासचिव एवं सूचना प्रभारी राजकुमार गोथेले का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौपी गई है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रवीन कश्यप ने कहा कि भारतीय भाईचारा महासंघ की नीतियों का प्रदेशभर में प्रचार किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को महासंघ के साथ जोड़ा जाएगा। प्रवीन कश्यप ने कहा कि प्रदेश में भाईचारा बना रहे इसके लिए भरसक प्रयास किया जाएगा।

---

### संविधान दिवस पर होगा राष्ट्रीय सेमिनार

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश होंगे मुख्य अतिथिः अंकित गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम द्वारा एक राष्ट्रीय सेमिनार 18 नवंबर 2025 को दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने जानकारी दी कि इस सेमिनार में भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीश, देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विधिवेत्ता, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के डीन भी विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य संविधान की मूल भावना को सशक्त बनाना, न्यायपालिका और विधि जगत में हो रहे समसामयिक परिवर्तनों पर चर्चा करना तथा युवा अधिवक्ताओं को वैचारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कार्यक्रम कानून और संविधान के क्षेत्र में नवविचार एवं अनुभव साझा करने का एक सशक्त मंच होगा।

---

### मुख्यमंत्री सैनी 27 अक्टूबर को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

# छठ पूजा महोत्सव भव्य होने के साथ-साथ स्थापित करेगा नया कीर्तिमान : सुभाष सुधा

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यक्रम स्थल ब्रह्मसरोवर पर तैयारियों का लिया जायजा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर पवित्र त्योहार छठ पूजा का कार्यक्रम भव्य होने के साथ-साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। छठ पूजा का पर्व सूर्य देव और प्रकृति की पूजा के लिए मनाया जाता है। इससे मनुष्य के जीवन में संयम, शुद्धता और आत्म-नियंत्रण की भावना जागृत होती है। छह पूजा का पर्व समाज में सामूहिकता और एकता का प्रतीक है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को ब्रह्मसरोवर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। उन्होंने ब्रह्मसरोवर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी तौर पर कुरुक्षेत्र में दूसरी बार छठ पूजा के पर्व का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 27 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी है।

#### हजारों श्रद्धालु ब्रह्मसरोवर पर पहुंचेंगे

छठ पर्व में बिहार और उत्तर प्रदेश के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के हजारों श्रद्धालु श्रद्धा भाव के साथ ब्रह्मसरोवर पर पहुंचेंगे। इन श्रद्धालुओं के रात को बैठने की व्यवस्था के लिए टेंट लगाया जाए, आने जाने और सुरक्षा व्यवस्था के उचित प्रबंध किए जाए। इस कार्यक्रम को लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से दूसरे प्रदेशों में भी देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ पूजा एक महत्वपूर्ण हिंदू पर्व है, जो सूर्य देव और छठी मैया की पूजा के लिए मनाया जाता है। श्रद्धालु छठी मैया की पूजा करते समय गुड़ और चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसके साथ ही एक दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में तेज गति के साथ विकास कार्य कर रही है।

#### *कुरुक्षेत्र को सरकार ने दी कई सौगातें*

*सरकार के कार्यकाल में श्रीकृष्णा आयुष युनिवर्सिटी, एलिवेटिड रेलवे ट्रैक सहित अनेकों बडे प्रोजैक्ट की सौगात मिली है। एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी पर्व मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने की संभावना है। इस दौरान प्रधानमंत्री देशवासियों को सिख संग्रहालय की सौगात भी दे सकते है।*

## खबर संक्षेप

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 28 तक खोला गया

**अंबाला।** हरियाणा सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को तहसील बराड़ा के गांव अधोया (एच) के लिए 28 अक्तूबर तक के लिए खोल दिया है। इसके माध्यम से संबंधित गांव के किसान 2025 में अक्तूबर माह के दौरान भारी वर्षा व जलभराव से हुई खरीफ फसलों की क्षति का दावा दर्ज कर सकते हैं। डीआरओ राजेश ख्यालिया ने बताया कि यह पोर्टल 28 तक खुला रहेगा। प्रभावित किसान अपने नुकसान का विवरण अपलोड कर सकते हैं।

### पंचायत भवन में 27 को होगी दिशा की मीटिंग

**अंबाला।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 27 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित होगी। लोकसभा सांसद वरुण चौधरी व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सीईओ जिला परिषद् गगनदीप ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग का एजेंडा भी तय हो गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी साजिद उर्फ संजय उर्फ संजू उर्फ अजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 सोने की चेन, 1 जोडी कानों के छोटे टोप्स, 1 जोड़ी बडे टोप्स (1 किटी



सैट सोना 1 चेन साथ में लॉकेट, 1 जोडी कानों के टाप्स, 1 अंगूठी( कुल लगभग 32 ग्राम) सोने के गहने बरामद किए हैं। जोगीवाड़ा के विशाल कुमार ने 16 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके मकान से अलमारी का ताला तोडकर सोने के गहने चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार, शंटी व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्वालमंडी के धर्मपाल ने 19 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर नजदीक माया वाला चौक से टोंटियां, इनवर्टर , चांदी की थाली, लोटा, बर्तन व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ सुना कार्यक्रम

# पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहीं दिल को छूने वाली बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार सुबह को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में आत्मा को छूने वाली बातें कही।

विज अंबाला छावनी के इंडियन रोलर रेस्टोरेंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड को शहर के प्रबुद्ध लोगों के साथ सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर महीने की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए जगह-जगह लोग इकट्ठा हुए हैं।



अंबाला। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते मंत्री अनिल विज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पीएम ने राष्ट्रीय गीत का जिक्र किया

प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी आदिकाल की भाषा संस्कृत की बात कहीं है और संस्कृत के प्रति जो पुनः प्यार जाग रहा है उसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का जिक्र किया। यह गीत आजादी के दिनों में आजादी के दिवानों को उनका रोम-रोम जागृत करने के लिए वंदे मातरम गीत गाया जाता था। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जो त्यौहार है जो हम सब बड़े प्रेम व आत्मियता के साथ मनाते हैं जैसे छठ पूजा जो आजकल चल रही है उन सबका जिक्र किया। उन्होंने हिंदुस्तान में पैदा की जाने वाली कॉफी का जिक्र किया जिसकी विदेशों में बहुत मांग है। इसी प्रकार वह हर माह अनेकों विषयों को छूते हैं। लोगों के साथ जुड़ने का प्रयास करते हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता सुदर्शन सिंह सहगल, नीरज जैन, अनिल जैन, संजीव वालिया, हरप्रीत सिंह, डॉ. करण सोबती, डॉ. देशबंधु, डॉ. विनय मल्होत्रा, नवल सूद, कपिल विज, जसवंत जैन, अतुल महेंद्रू, राजीव गुप्ता, बीएस बिंद्रा, विजेंद्र चौहान, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, अनिल बहल, दीपक भसीन, हन्नी सिंह, विपिन्न खन्ना, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. हरप्रकाश, डॉ. गौरव मुंजाल, गुरप्रीत सिंह भल्ला, महावीर जैन, चरणजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# ‘मैं’ शब्द बढ़ा रहा इगो, घर-समाज व संबंधों में इगो की वजह से झगड़ा

» *मुख्य वक्ता नीति दीदी ने विस्तार से डाला प्रकाश*

» *यह भव्य आयोजन सेवा केंद्र के हाल में किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

तनाव का कारण दूसरों में बुराई देखना है तो अपनी बुराई को इस याद की अग्नि में जला देना है। सदा देने का दिया जलाना है दीदी ने सभी को शुक्रिया करने का एक सुंदर प्रयोग कराया।

अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में रविवार को मुख्य संचालिका बीके दिव्या दीदी व सह संचालिका राजयोगिनी बीके मीरा दीदी द्वारा सेवा केंद्र के नवनिर्मित भवन के निर्माण के 2 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन सेवा केंद्र के हाल में ही किया गया जिसमें सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों ने शिरकत की।

इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डीएसपी विजय कुमार , नगर निगम के एएमसी दीपक सूरा पधारे। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी और पठानकोट के गीतकार ओम प्रकाश भी विशेषतौर पर शामिल हुए । सभी विशिष्ट मेहमानों का तिलक, बैच, पटका व पुष्प गुच्छ के द्वारा दीदियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने संबंधों में मधुरता पर अपना वक्तव्य दिया। कहा कि हमें रोज स्वयं में झांकना है। स्वयं से बात करनी है, देखना है मेरे कर्म कैसे हैं? मेरे कर्मों द्वारा किसी को दुख नहीं पहुंचे क्योंकि अपने हर कर्म का जिम्मेदार हम खुद हैं। दीदी ने कहा कि संबंधों में यह गुण खुशबू की तरह है, हमें मधुरता नम्रता दिव्यता शालीनता को धारण करना है। तनाव का कारण दूसरों में बुराई देखना है। तो अपनी बुराई को इस याद की अग्नि में जला देना है। सदा देने का दिया जलाना है, दीदी ने सभी को शुक्रिया करने का एक सुंदर प्रयोग कराया। हम अपने जीवन में एक ₹मैं₹ शब्द से जीवन की शुरुआत से अंत तक जुड़े रहते हैं परंतु परमात्मा हमें बताते हैं कि ₹मैं₹ माना मैं चैतन्य शक्ति आत्मा हूं। दुनिया में मैं शब्द इगो बढ़ाता है। घर में, समाज में, संबंधों में सारा झगड़ा इस इगो के कारण है। परमात्मा ने हमें बताया कि तुम आत्मा हो जो आनंद स्वरूप हो।



अंबाला। अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

### राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने सभी का धन्यवाद किया



सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने भी आए हुए सभी मेहमानों का और कॉलोनी वासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह भगवान का घर है जो सर्व आत्माओं के लिए है। ओम प्रकाश ने सुंदर पंजाबी गीतों द्वारा समा बांधा। परमात्मा संदेश व परिचय भी दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा को हमारी धन, संपत्ति, गाड़ी संबंध , जन कुछ भी नहीं चाहिए, वह तो केवल हमारे सच्चे भावों को को चाहता है, भावना से उसको याद किया जाए तो वह उस पर कुर्बान है। बीके मंगल सिंह भाई ने कविता सुनाई। बीके एकता बहन, बीके सुनील भाई, बीके सक्षम, बीके समीक्षा ने स्वागत डांस किया। कुमारी शायली और कुमार ऋत्विक ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कुमार शिवम ने पंजाबी नृत्य के द्वारा सबका मन मोह लिया। कुमारी दीपा ने हरियाणवी डांस के द्वारा समा बांधा। बीके राजेश भाई ने परमात्मा याद का सुंदर गीत गाया। राजयोगिनी बीके नेहा बहन ने मंच संचालन किया।

### भव्य ईश्वरीय स्थानः डीएसपी

डीएसपी विजय कुमार ने कहा कि वे पहली बार यहां आए हैं। उन्होंने यहां जो सुना है उसे अपने जीवन में धारण करने की पूरी कोशिश करेंगे। यहां आने वाले सभी सदस्य बहुत सौभाग्यशाली हैं जो इस भव्य ईश्वरीय स्थान के साथ जुड़े हुए हैं। विशिष्ट अतिथि एएमसी दीपक सूरा ने कहा कि जब हम मन में शुद्धता को धारण करने से ही संबंध मधुर होंगे। उन्होंने कहा मुझे ब्रह्मा कुमारीज के प्रोग्राम अटेंड करना बहुत अच्छा लगता है। यहां बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

गन्ने का रेट प्रति क्विंटल 15 रुपये बढ़ाने पर धन्यवाद

# संत कबीर कुटीर में सीएम से मिलकर जताया आभार



बराड़ा। मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

■ प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा

भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला, प्रदेश प्रभारी मंदीप विर्क तथा जिला किसान मोर्चा संयोजक रामबीर चौहान ने संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर गन्ने का रेट बढ़ाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गन्ना किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है जिससे प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की है। इस फैसले के बाद हरियाणा देश का सबसे अधिक गन्ना मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। अब अगेती किस्म के गन्ने का भाव 400 रुपये से बढ़कर 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का भाव 393 रुपये से बढ़कर 408 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

### निर्णय किसानों की मेहनत और समर्पण का सम्मानः राजबाला

किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला ने कहा कि यह निर्णय किसानों की मेहनत और समर्पण का सम्मान है। गन्ने की खेती में लगातार बढ़ते खर्चों को देखते हुए सरकार ने किसानों को राहत देने का यह कदम उठाया है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें गन्ने की खेती में और अधिक उत्पादन के लिए प्रेरणा मिलेगी। जिला किसान मोर्चा संयोजक रामबीर चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के सच्चे हितैषी हैं। उनकी सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला साबित होगा।

दोसड़का - बराड़ा रोड पर स्थित श्री गोविंद गौशाला में होगा भव्य कार्यक्रम

# 30 को आयोजित होगा गोपाष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

दोसड़का - बराड़ा रोड पर स्थित श्री गोविंद गौशाला में 30 अक्तूबर वीरवार को गोपाष्टमी उत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गौभक्तों एवं श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।गौशाला समिति के प्रधान राजेश सिंगला ने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के गौसेवा प्रेम को समर्पित है। इसका उद्देश्य समाज में गौसंवर्धन और गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि 28 अक्तूबर की सुबह 8 बजे से आरंभ श्रीरामायण पाठ प्रारंभ होगा। 30 अक्तूबर वीरवार को सुबह 8 बजे से भोग श्रीरामायण पाठ, उसके बाद 9 बजे से गोभोजन व सत्संग और 10 बजे से 1 बजे तक संकीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। प्रवचन का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य प्रवर ज्योति प्रकाश (जम्मू वाले) करेंगे। दोपहर 1 बजे श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।समिति के उपप्रधान प्रमोद जैन और अन्य सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाएं। गौशाला में पहुंचने के लिए निशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध रहेगी। वार्षिक उत्सव वर्षों से धार्मिक एकता और सेवा भावना का प्रतीक बन चुका है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भाग लेते हैं।

» *गोभक्तों को किया आमंत्रित*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### एलसीएलओ कर्मचारियों का अनशन जारी



**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 38वें दिन भी जारी रहा। वहीं वहीं क्रमिक अनशन 28वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता यूनियन महासचिव पवन पलवल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सर्व कर्मचारी संघ के जिला कैशियर रावल गुप्ता ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। धरने पर संदीप रोहतक, रवि रोहतक, नरेंद्र रोहतक,कविराज और आशीष रेवाड़ी बैठे। धरने पर रविवार को सभी जिलों के प्रधानों की मीटिंग हुई इसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा हुई।अभी तक सरकार से कई बार बात हो चुकी है।

# तंदवाली में पांच को होगा विशाल संत समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

■ गणमान्य संत करेंगे प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल

डेरा बेगमपुरा गांव तंदवाली में ब्रह्मलीन 108 संत श्री बैसाखी दास उदासीन जी महाराज की 44वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम एवं भंडारा आगामी 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। डेरे के सेवादार संत श्री 108 सोमदास जी उदासीन ने बताया कि यह भव्य आयोजन संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सतपाल दास चाहड़वाला करेंगे जबकि संत मनदीप दास सिरसगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लहरी सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। निशान साहिब की रस्म हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ द्वारा निभाई जाएगी तथा ज्योति प्रचंड का शुभारंभ यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी करेंगी। इस अवसर पर विभिन्न संतजन और कीर्तनी जत्थे भी गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4 बजे अमृतवाणी पाठ से होगी, जिसका भोग 8 बजे डाला जाएगा। इसके उपरांत निशान साहिब की चोला रस्म के बाद सुबह 10 बजे से सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम आरंभ होगा। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का प्रबंध किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्र की संगत से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाने की अपील की है।

भाजपा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित

# वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 को ‘रन फॉर यूनिटी’ कार्यक्रम का होगा आयोजनः विज

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में बोले परिवहन एवं श्रम मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी के चारों मंडलों में 31 अक्तूबर को ₹रन फॉर यूनिटी₹ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम लौह पुरुष के रूप में प्रसिद्ध सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होगा। विज रविवार शाम को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



अंबाला। भाजपा नेताओं से कार्यक्रम को लेकर समीक्षा करते मंत्री अनिल विज।

### परिवहन एवं श्रम मंत्री बोले-इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कमेटियों का गठन किया गया

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के निर्माता थे। अद्भुत दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 563 रियासतों का भारत गणराज्य में विलय करके राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि 31 अक्तूबर को ₹रन फॉर यूनिटी₹ का आयोजन भाजपा अंबाला छावनी के सदर मंडल, महेशनगर मंडल, ग्रामीण मंडल और शास्त्री मंडल में अलग-अलग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके आयोजन हेतु कमेटियों का गठन किया गया जिसमें ललता प्रसाद, संजीव सोनी, विजेंद्र चौहान, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा को नियुक्त किया गया।

शराब तस्करी के मामले में कार्रवाई

### 300 पव्वे शराब सहित पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र नजदीक हाथी खाना मंदिर के पास से शराब तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुलशन उर्फ शुभम उर्फ आदमी को 300 पव्वे देसी शराब सहित काबू किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर उससे भारी मात्रा में शराब जब्त की है। उसके खिलाफ एक्सएसाइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

■ आरोपी को अब जेल भेज दिया